الجزء ١٠

وَاعْلَمُوْٓا اَنَّمَا غَنِمْتُمْ مِّنْ شَيْءٍ فَاَنَّ لِلّٰهِ خُمُسَهٗ

उस का पांचवा हिस्सा	अल्लाह के वास्ते	सो	किसी चीज़	से	तुम ग़नीमत लो	जो कुछ	और तुम जान लो

وَلِلرَّسُوْلِ وَلِذِي الْقُرْبٰى وَالْيَتٰمٰى وَالْمَسٰكِيْنِ وَابْنِ السَّبِيْلِ ۙ

और मुसाफ़िरों	और मिस्कीनों	और यतीमों	और क़राबतदारों के लिए	और रसूल के लिए

اِنْ كُنْتُمْ اٰمَنْتُمْ بِاللّٰهِ وَمَآ اَنْزَلْنَا عَلٰى عَبْدِنَا يَوْمَ الْفُرْقَانِ

फ़ैसले के दिन	अपना बन्दा	पर	हम ने नाज़िल किया	और जो	अल्लाह पर	ईमान रखते	तुम हो	अगर

يَوْمَ الْتَقَى الْجَمْعٰنِ ؕ وَاللّٰهُ عَلٰى كُلِّ شَيْءٍ قَدِيْرٌ ﴿٤١﴾

41	क़ुदरत वाला	हर चीज़	पर	और अल्लाह	दोनों फ़ौजें भिड़ गईं	जिस दिन

اِذْ اَنْتُمْ بِالْعُدْوَةِ الدُّنْيَا وَهُمْ بِالْعُدْوَةِ الْقُصْوٰى

परला	किनारे पर	और वह	इधर वाला	किनारे पर	तुम	जब

وَالرَّكْبُ اَسْفَلَ مِنْكُمْ ؕ وَلَوْ تَوَاعَدْتُّمْ لَاخْتَلَفْتُمْ فِي الْمِيْعٰدِ ۙ

वादे में	अलबत्ता तुम इख़्तिलाफ़ करते	तुम बाहम वादा करते	और अगर	तुम से	नीचे	और क़ाफ़िला

وَلٰكِنْ لِّيَقْضِيَ اللّٰهُ اَمْرًا كَانَ مَفْعُوْلًا ۬ۙ لِّيَهْلِكَ

ताकि हलाक हो	हो कर रहने वाला	था	जो काम	अल्लाह	ताकि पूरा कर दे	और लेकिन

مَنْ هَلَكَ عَنْ بَيِّنَةٍ وَّيَحْيٰى مَنْ حَيَّ عَنْ بَيِّنَةٍ ؕ وَاِنَّ

और बेशक	दलील	से	ज़िन्दा रहना है	जिस	और ज़िन्दा रहे	दलील	से	हलाक हो	जो

اللّٰهَ لَسَمِيْعٌ عَلِيْمٌ ﴿٤٢﴾ ۙ اِذْ يُرِيْكَهُمُ اللّٰهُ فِيْ مَنَامِكَ قَلِيْلًا ؕ

थोड़ा	तुम्हारी ख़्वाब	में	अल्लाह	तुम्हें दिखाया उन्हें	जब	42	जानने वाला	सुनने वाला	अल्लाह

وَلَوْ اَرٰىكَهُمْ كَثِيْرًا لَّفَشِلْتُمْ وَلَتَنَازَعْتُمْ فِي الْاَمْرِ

मामले में	और तुम झगड़ते	तो तुम बुज़दिली करते	बहुत ज़ियादा	तुम्हें दिखाता उन्हें	और अगर

وَلٰكِنَّ اللّٰهَ سَلَّمَ ؕ اِنَّهٗ عَلِيْمٌۢ بِذَاتِ الصُّدُوْرِ ﴿٤٣﴾

43	दिलों की बात	जानने वाला	बेशक वह	बचा लिया	अल्लाह	और लेकिन

وَاِذْ يُرِيْكُمُوْهُمْ اِذِ الْتَقَيْتُمْ فِيْٓ اَعْيُنِكُمْ قَلِيْلًا وَّيُقَلِّلُكُمْ

और तुम्हें थोड़े करके दिखलाए	थोड़ा	तुम्हारी आँखें	में	तुम आमने सामने हुए	जब-तो	वह तुम्हें दिखलाए	और जब

فِيْٓ اَعْيُنِهِمْ لِيَقْضِيَ اللّٰهُ اَمْرًا كَانَ مَفْعُوْلًا ؕ وَاِلَى اللّٰهِ

और अल्लाह की तरफ़	हो कर रहने वाला	था	काम	ताकि पूरा कर दे अल्लाह	उन की आँखें	में

ع ٥/١ تُرْجَعُ الْاُمُوْرُ ﴿٤٤﴾ يٰٓاَيُّهَا الَّذِيْنَ اٰمَنُوْٓا اِذَا لَقِيْتُمْ فِئَةً

कोई जमाअत	तुम्हारा आमना सामना हो	जब	ईमान वाले	ऐ	44	काम (जमा)	लौटना (बाज़गश्त)

فَاثْبُتُوْا وَاذْكُرُوا اللّٰهَ كَثِيْرًا لَّعَلَّكُمْ تُفْلِحُوْنَ ﴿٤٥﴾ ۚ

45	फ़लाह पाओ	ताकि तुम	बकसरत	और अल्लाह को याद करो	तो साबित क़दम रहो

और जान लो कि तुम जो कुछ किसी चीज़ से ग़नीमत हासिल किया है उस का पांचवा हिस्सा अल्लाह के लिए और रसूल के लिए, और (उन के) क़राबतदारों के लिए, और यतीमों और मिस्कीनों और मुसाफ़िरों के लिए, अगर तुम ईमान रखते हो अल्लाह पर और जो हम ने अपने बन्दे पर फ़ैसला (बद्र) के दिन नाज़िल किया। जिस दिन (कुफ़्र ओ इस्लाम की) दोनों फ़ौजें भिड़ गईं, और अल्लाह हर चीज़ पर क़ुदरत वाला है। (41)

जब तुम इधर वाले किनारे पर थे और वह परले किनारे पर थे, और क़ाफ़िला तुम से नीचे (तराई में) था, अगर (तुम और काफ़िर) बाहम ते करलेते तो अलबत्ता तुम वादे में इख़्तिलाफ़ करते (वक़्त पर न पहुँचते) लेकिन (अल्लाह ने जमा किया) ताकि पूरा कर दे अल्लाह वह काम जो हो कर रहने वाला था, ताकि जो हलाक हो वह दलील से हलाक हो और जिस को ज़िन्दा रहना है वह ज़िन्दा रहे दलील से, और बेशक अल्लाह सुनने वाला, जानने वाला है। (42)

और जब अल्लाह ने तुम्हें तुम्हारी ख़्वाब में उन (काफ़िरों) को दिखाया थोड़ा, और अगर तुम्हें उन (की तादाद) को बहुत दिखाता तो तुम बुज़दिली करते, और (जंग के) मामले में झगड़ते, लेकिन अल्लाह ने बचा लिया, बेशक वह दिलों की बात जानने वाला है। (43)

और जब तुम आमने सामने हुए तो वह (अल्लाह) तुम्हें दिखलाए तुम्हारी आँखों में (दुश्मन को) थोड़े, और तुम्हें उन की आँखों में दिखलाया थोड़ा ताकि अल्लाह पूरा कर दे वह काम जो हो कर रहने वाला था, और तमाम कामों की बाज़गश्त अल्लाह की तरफ़ है। (44)

ऐ ईमान वालो! जब किसी जमाअते (कुफ़्फ़ार) से तुम्हारा आमना सामना हो तो साबित क़दम रहो और अल्लाह को बकसरत याद करो ताकि तुम फ़लाह (दो जहान में कामयाबी) पाओ। (45)

और इताअ़त करो अल्लाह की और उस के रसूल (स) की, और आपस में झगड़ा न करो कि बुज़दिल हो जाओगे और तुम्हारी हवा जाती रहेगी (उखड़ जाएगी) और सब्र करो, बेशक अल्लाह साथ है सब्र करने वालों के। **(46)**

और उन लोगों की तरह न हो जाना जो अपने घरों से निकले इतराते और लोगों के दिखावे को, और अल्लाह के रास्ते से रोकते हुए, और वह जो करते हैं अल्लाह अहाता किए हुए है। **(47)**

और जब शैतान ने उन के काम ख़ुशनुमा कर के दिखाए, और कहा आज लोगों में से तुम पर कोई ग़ालिब (आने वाला) नहीं, और मैं तुम्हारा रफ़ीक़ (हिमायती) हूँ, फिर जब दोनों लशकर आमने सामने हुए तो अपनी एड़ियों पर उलटा फिर गया और बोला मैं तुम से ला तअ़ल्लुक़ हूँ, मैं देखता हूँ जो तुम नहीं देखते, मैं अल्लाह से डरता हूँ (कि मुझे हलाक न कर दे) और अल्लाह सख़्त अ़ज़ाब देने वाला है। **(48)**

जब मुनाफ़िक़ और वह लोग जिन के दिलों में मरज़ था कहने लगे कि उन्हें (मुसलमानों को) उन के दीन ने ख़ब्त में मुब्तला कर रखा है, और जो अल्लाह पर भरोसा करे तो बेशक अल्लाह ग़ालिब हिक्मत वाला है। **(49)**

और अगर तू देखे जब फ़रिश्ते काफ़िरों की जान निकालते हैं, मारते (जाते) हैं उन के चहरों और उन की पीठों पर और (कहते जाते हैं) दोज़ख़ का अ़ज़ाब चखो। **(50)**

यह उस का बदला है जो तुम्हारे हाथों ने (आमाल) आगे भेजे हैं और यह कि अल्लाह बन्दों पर ज़ुल्म करने वाला नहीं। **(51)**

जैसा कि फ़िरऔ़न वालों का और उन से पहले लोगों का दस्तूर था, उन्हों ने अल्लाह की आयतों का इन्कार किया, और अल्लाह ने उन्हें उन के गुनाहों पर पकड़ा, बेशक अल्लाह कुव्वत वाला सख़्त अ़ज़ाब देने वाला है। **(52)**

وَاَطِيْعُوا اللّٰهَ وَرَسُوْلَهٗ وَلَا تَنَازَعُوْا فَتَفْشَلُوْا وَتَذْهَبَ

और जाती रहेगी	पस बुज़दिल हो जाओगे	और आपस में झगड़ा न करो	और उस का रसूल	अल्लाह	और इताअ़त करो

رِيْحُكُمْ وَاصْبِرُوْا ؕ اِنَّ اللّٰهَ مَعَ الصّٰبِرِيْنَ ۚ ﴿٤٦﴾ وَلَا تَكُوْنُوْا

और न हो जाना	46	सब्र करने वाले	साथ	बेशक अल्लाह	और सब्र करो	तुम्हारी हवा

كَالَّذِيْنَ خَرَجُوْا مِنْ دِيَارِهِمْ بَطَرًا وَّرِئَآءَ النَّاسِ

लोग	और दिखावा	इतराते	अपने घर	से	निकले	उन की तरह जो

وَيَصُدُّوْنَ عَنْ سَبِيْلِ اللّٰهِ ؕ وَاللّٰهُ بِمَا يَعْمَلُوْنَ مُحِيْطٌ ﴿٤٧﴾

47	अहाता किए हुए	वह करते हैं	से-जो	और अल्लाह	अल्लाह का रास्ता	से	और रोकते

وَاِذْ زَيَّنَ لَهُمُ الشَّيْطٰنُ اَعْمَالَهُمْ وَقَالَ لَا غَالِبَ لَكُمُ

तुम्हारे लिए (तुम पर)	कोई ग़ालिब नहीं	और कहा	उन के काम	शैतान	उन के लिए	ख़ुशनुमा कर दिया	और जब

الْيَوْمَ مِنَ النَّاسِ وَاِنِّيْ جَارٌ لَّكُمْ ۚ فَلَمَّا تَرَآءَتِ الْفِئَتٰنِ

दोनों लशकर	आमने सामने हुए	फिर जब	तुम्हारा	रफ़ीक़	और बेशक मैं	लोग	से	आज

نَكَصَ عَلٰى عَقِبَيْهِ وَقَالَ اِنِّيْ بَرِيْٓءٌ مِّنْكُمْ اِنِّيْٓ اَرٰى مَا لَا

नहीं	जो	देखता हूँ	मैं बेशक	तुम से	जुदा, ला तअ़ल्लुक़	बेशक मैं	और बोला	अपनी एड़ियां	पर	उलटा फिर गया

تَرَوْنَ اِنِّيْٓ اَخَافُ اللّٰهَ ؕ وَاللّٰهُ شَدِيْدُ الْعِقَابِ ﴿٤٨﴾ ع اِذْ يَقُوْلُ ع ٦ ٢

कहने लगे	जब	48	अ़ज़ाब	सख़्त	और अल्लाह	अल्लाह से डरता हूँ	मैं बेशक	तुम देखते

الْمُنٰفِقُوْنَ وَالَّذِيْنَ فِيْ قُلُوْبِهِمْ مَّرَضٌ غَرَّ هٰٓؤُلَآءِ دِيْنُهُمْ ؕ

उन का दीन	उन्हें	धोका दे दिया	मरज़	उन के दिलों में	और वह जो कि	मुनाफ़िक़ (जमा)

وَمَنْ يَّتَوَكَّلْ عَلَى اللّٰهِ فَاِنَّ اللّٰهَ عَزِيْزٌ حَكِيْمٌ ﴿٤٩﴾

49	हिक्मत वाला	ग़ालिब	तो बेशक अल्लाह	अल्लाह पर	भरोसा करे	और जो

وَلَوْ تَرٰٓى اِذْ يَتَوَفَّى الَّذِيْنَ كَفَرُوا الْمَلٰٓئِكَةُ يَضْرِبُوْنَ

मारते हैं	फ़रिश्ते	जिन लोगों ने कुफ़्र किया (काफ़िर)	जान निकालते हैं	जब	तू देखे	और अगर

وُجُوْهَهُمْ وَاَدْبَارَهُمْ ۚ وَذُوْقُوْا عَذَابَ الْحَرِيْقِ ﴿٥٠﴾ ذٰلِكَ

यह	50	भड़कता हुआ (दोज़ख़)	अ़ज़ाब	और चखो	और उन की पीठ (जमा)	उन के चहरे

بِمَا قَدَّمَتْ اَيْدِيْكُمْ وَاَنَّ اللّٰهَ لَيْسَ بِظَلَّامٍ لِّلْعَبِيْدِ ۙ ﴿٥١﴾

51	बन्दों पर	ज़ुल्म करने वाला	नहीं	और यह कि अल्लाह	तुम्हारे हाथ	आगे भेजे	बदला जो

كَدَاْبِ اٰلِ فِرْعَوْنَ ۙ وَالَّذِيْنَ مِنْ قَبْلِهِمْ ؕ كَفَرُوْا بِاٰيٰتِ اللّٰهِ

अल्लाह की आयतों का	उन्हों ने इन्कार किया	उन से पहले	और जो लोग	फ़िरऔ़न वाले	जैसा कि दस्तूर

فَاَخَذَهُمُ اللّٰهُ بِذُنُوْبِهِمْ ؕ اِنَّ اللّٰهَ قَوِيٌّ شَدِيْدُ الْعِقَابِ ﴿٥٢﴾

52	अ़ज़ाब	सख़्त	कुव्वत वाला	बेशक अल्लाह	उनके गुनाहों पर	तो अल्लाह ने उन्हें पकड़ा

ذٰلِكَ بِاَنَّ اللّٰهَ لَمْ يَكُ مُغَيِّرًا نِّعْمَةً اَنْعَمَهَا عَلٰى قَوْمٍ حَتّٰى

जब तक	किसी क़ौम को	उसे दी	कोई नेमत	बदलने वाला	नहीं है	इस लिए कि अल्लाह	यह

يُغَيِّرُوْا مَا بِاَنْفُسِهِمْ ۙ وَاَنَّ اللّٰهَ سَمِيْعٌ عَلِيْمٌ ﴿٥٣﴾ كَدَاْبِ

जैसा कि दस्तूर	53	जानने वाला	सुनने वाला	और यह कि अल्लाह	उन के दिलों में	जो	वह बदलें

اٰلِ فِرْعَوْنَ ۙ وَالَّذِيْنَ مِنْ قَبْلِهِمْ ؕ كَذَّبُوْا بِاٰيٰتِ رَبِّهِمْ فَاَهْلَكْنٰهُمْ

तो हम ने उन्हें हलाक कर दिया	अपना रब	आयतों को	उन्हों ने झुटलाया	उन से पहले	और वह लोग जो	फ़िरऔन वाले

بِذُنُوْبِهِمْ وَاَغْرَقْنَآ اٰلَ فِرْعَوْنَ ۚ وَكُلٌّ كَانُوْا ظٰلِمِيْنَ ﴿٥٤﴾

54	ज़ालिम	थे	और सब	फ़िरऔन वाले	और हम ने ग़र्क़ कर दिया	उन के गुनाहों के सबब

اِنَّ شَرَّ الدَّوَآبِّ عِنْدَ اللّٰهِ الَّذِيْنَ كَفَرُوْا فَهُمْ لَا يُؤْمِنُوْنَ ﴿٥٥﴾

55	ईमान नहीं लाते	सो वह	कुफ़्र किया	वह जिन्हों ने	अल्लाह के नज़दीक	जानवर (जमा)	बदतरीन	बेशक

اَلَّذِيْنَ عٰهَدْتَّ مِنْهُمْ ثُمَّ يَنْقُضُوْنَ عَهْدَهُمْ فِيْ كُلِّ مَرَّةٍ

हर बार	में	अपना मुआहदा	तोड़ देते हैं	फिर	उन से	तुम ने मुआहदा किया	वह लोग जो

وَّهُمْ لَا يَتَّقُوْنَ ﴿٥٦﴾ فَاِمَّا تَثْقَفَنَّهُمْ فِي الْحَرْبِ فَشَرِّدْ بِهِمْ

उन के ज़रीए	तो भगा दो	जंग में	तुम उन्हें पाओ	पस अगर	56	डरते नहीं	और वह

مَّنْ خَلْفَهُمْ لَعَلَّهُمْ يَذَّكَّرُوْنَ ﴿٥٧﴾ وَاِمَّا تَخَافَنَّ مِنْ قَوْمٍ

किसी क़ौम	से	तुम्हें ख़ौफ़ हो	और अगर	57	इब्रत पकड़ें	अजब नहीं कि वह	उन के पीछे	जो

ع ١٠ / ٣ خِيَانَةً فَانْۢبِذْ اِلَيْهِمْ عَلٰى سَوَآءٍ ؕ اِنَّ اللّٰهَ لَا يُحِبُّ الْخَآئِنِيْنَ ﴿٥٨﴾

58	दग़ाबाज़ (जमा)	पसन्द नहीं करता	बेशक अल्लाह	बराबरी	पर	उन की तरफ़	तो फेंक दो	ख़ियानत (दग़ाबाज़ी)

وَلَا يَحْسَبَنَّ الَّذِيْنَ كَفَرُوْا سَبَقُوْا ؕ اِنَّهُمْ لَا يُعْجِزُوْنَ ﴿٥٩﴾

59	वह आजिज़ न कर सकेंगे	बेशक वह	बाज़ी ले गए	जिन लोगों ने कुफ़्र किया (काफ़िर)	और हरगिज़ ख़याल न करें

وَاَعِدُّوْا لَهُمْ مَّا اسْتَطَعْتُمْ مِّنْ قُوَّةٍ وَّمِنْ رِّبَاطِ الْخَيْلِ

पले हुए घोड़े	और से	कुव्वत	से	तुम से हो सके	जो	उन के लिए	और तैयार रखो

تُرْهِبُوْنَ بِهٖ عَدُوَّ اللّٰهِ وَعَدُوَّكُمْ وَاٰخَرِيْنَ مِنْ دُوْنِهِمْ ۚ

उन के सिवा	से	और दूसरे	और तुम्हारे (अपने) दुश्मन	अल्लाह के दुश्मन	उस से	धाक बिठाओ

لَا تَعْلَمُوْنَهُمْ ۚ اَللّٰهُ يَعْلَمُهُمْ ؕ وَمَا تُنْفِقُوْا مِنْ شَيْءٍ فِيْ سَبِيْلِ اللّٰهِ

अल्लाह का रास्ता	में	कुछ	तुम ख़र्च करोगे	और जो	अल्लाह जानता है उन्हें	तुम उन्हें नहीं जानते

يُوَفَّ اِلَيْكُمْ وَاَنْتُمْ لَا تُظْلَمُوْنَ ﴿٦٠﴾ وَاِنْ جَنَحُوْا لِلسَّلْمِ

सुलह की तरफ़	वह झुकें	और अगर	60	तुम्हारा नुक़्सान न किया जाएगा	और तुम	तुम्हें	पूरा पूरा दिया जाएगा

فَاجْنَحْ لَهَا وَتَوَكَّلْ عَلَى اللّٰهِ ؕ اِنَّهٗ هُوَ السَّمِيْعُ الْعَلِيْمُ ﴿٦١﴾

61	जानने वाला	सुनने वाला	वह	बेशक	अल्लाह पर	और भरोसा रखो	उस की तरफ़	तो सुलह कर लो

यह इस लिए है कि अल्लाह (कभी) उस नेमत को बदलने वाला नहीं जो उस ने किसी क़ौम को दी जब तक वह (न) बदल डालें जो उन के दिलों में है (अपना अक़ीदा ओ अहवाल) और यह कि अल्लाह सुनने वाला, जानने वाला है। (53)

जैसा कि दस्तूर था फ़िरऔन वालों का और उन लोगों का जो उन से पहले थे, उन्हों ने अपने रब की आयतों को झुटलाया तो हम ने उन्हें उन के गुनाहों के सबब हलाक कर दिया और फ़िरऔन वालों को ग़र्क़ कर दिया, और वह सब ज़ालिम थे। (54)

बेशक अल्लाह के नज़दीक सब जानवरों से बदतर वह लोग हैं जिन्हों ने कुफ़्र किया, सो वह ईमान नहीं लाते। (55)

वह लोग जिन से तुम ने मुआहदा किया, फिर वह अपना मुआहदा तोड़ देते हैं हर बार, और वह डरते नहीं। (56)

पस अगर तुम उन्हें जंग में पाओ तो (उन्हें ऐसी सज़ा दो कि) उन के ज़रीए भगा दो उन को जो उन के पीछे हैं, अजब नहीं कि वह इब्रत पकड़ें। (57)

अगर तुम्हें किसी क़ौम से दग़ा बाज़ी का डर हो तो (उन का मुआहदा) फेंक दो उन की तरफ़ बराबरी पर (बराबरी का जवाब दो), बेशक अल्लाह दग़ाबाज़ों को पसन्द नहीं करता। (58)

और काफ़िर हरगिज़ ख़याल न करें कि वह बाज़ी ले गए, बेशक वह आजिज़ न कर सकेंगे। (59)

और उन के (मुक़ाबले के) लिए तैयार रखो कुव्वत जो तुम से हो सके और पले हुए घोड़े, उस से धाक बिठाओ अल्लाह के दुश्मनों और अपने दुश्मनों पर, और दूसरों पर उन के सिवा जिन्हें तुम नहीं जानते, अल्लाह उन्हें जानता है, और तुम जो कुछ अल्लाह के रास्ते में ख़र्च करोगे तुम्हें पूरा पूरा दिया जाएगा और तुम्हारा नुक़्सान न किया जाएगा। (60)

और अगर वह सुलह की तरफ़ झुकें तो (तुम भी) उस (सुलह) की तरफ़ झुको, और अल्लाह पर भरोसा रखो, बेशक वह सुनने वाला जानने वाला है। (61)

وَاِنْ يُّرِيْدُوْٓا اَنْ يَّخْدَعُوْكَ فَاِنَّ حَسْبَكَ اللّٰهُ ؕ هُوَ الَّذِيْٓ

जिस ने	वह	तुम्हारे लिए काफ़ी है अल्लाह	तो बेशक	तुम्हें धोका दें	कि	वह चाहें	और अगर

اَيَّدَكَ بِنَصْرِهٖ وَبِالْمُؤْمِنِيْنَ ﴿٦٢﴾ وَاَلَّفَ بَيْنَ قُلُوْبِهِمْ ؕ لَوْ اَنْفَقْتَ

तुम ख़र्च करते	अगर	उन के दिल	दरमियान (में)	और उल्फ़त डाल दी	62	और मुसलमानों से	अपनी मदद से	तुम्हें ज़ोर दिया

مَا فِى الْاَرْضِ جَمِيْعًا مَّآ اَلَّفْتَ بَيْنَ قُلُوْبِهِمْ وَلٰكِنَّ اللّٰهَ

अल्लाह	और लेकिन	उन के दिल	में	उल्फ़त डाल सकते	न	सब कुछ	ज़मीन	में	जो

اَلَّفَ بَيْنَهُمْ ؕ اِنَّهٗ عَزِيْزٌ حَكِيْمٌ ﴿٦٣﴾ يٰٓاَيُّهَا النَّبِيُّ حَسْبُكَ اللّٰهُ

अल्लाह	काफ़ी है तुम्हें	नबी (स)	ऐ	63	हिक्मत वाला	ग़ालिब	बेशक वह	उन के दरमियान	उल्फ़त डाल दी

وَمَنِ اتَّبَعَكَ مِنَ الْمُؤْمِنِيْنَ ﴿٦٤﴾ يٰٓاَيُّهَا النَّبِيُّ حَرِّضِ الْمُؤْمِنِيْنَ ع ٨ ٦ ٢

मोमिन (जमा)	तरग़ीब दो	नबी (स)	ऐ	64	मोमिन (जमा)	से	तुम्हारे पैरू हैं	और जो

عَلَى الْقِتَالِ ؕ اِنْ يَّكُنْ مِّنْكُمْ عِشْرُوْنَ صٰبِرُوْنَ يَغْلِبُوْا

ग़ालिब आएंगे	सब्र वाले	बीस (20)	तुम में से	हों	अगर	क़िताल (जिहाद)	पर

مِائَتَيْنِ ۚ وَاِنْ يَّكُنْ مِّنْكُمْ مِّائَةٌ يَّغْلِبُوْٓا اَلْفًا مِّنَ

से	एक हज़ार (1000)	वह ग़ालिब आएंगे	एक सो (100)	तुम में से	हों	और अगर	दो सो (200)

الَّذِيْنَ كَفَرُوْا بِاَنَّهُمْ قَوْمٌ لَّا يَفْقَهُوْنَ ﴿٦٥﴾ اَلْـٰٔنَ خَفَّفَ اللّٰهُ عَنْكُمْ

तुम से	अल्लाह ने तख़फ़ीफ़ कर दी	अब	65	समझ नहीं रखते	लोग	इस लिए कि वह	वह लोग जिन्हों ने कुफ़्र किया (काफ़िर)

وَعَلِمَ اَنَّ فِيْكُمْ ضَعْفًا ؕ فَاِنْ يَّكُنْ مِّنْكُمْ مِّائَةٌ صَابِرَةٌ يَّغْلِبُوْا

वह ग़ालिब आएंगे	सब्र वाले	एक सो (100)	तुम में से	पस अगर हों	कमज़ोरी	तुम में	कि	और मालूम कर लिया

مِائَتَيْنِ ۚ وَاِنْ يَّكُنْ مِّنْكُمْ اَلْفٌ يَّغْلِبُوْٓا اَلْفَيْنِ بِاِذْنِ اللّٰهِ ؕ

अल्लाह के हुक्म से	दो हज़ार (2000)	वह ग़ालिब रहेंगे	एक हज़ार (1000)	तुम में से	हों	और अगर	दो सो (200)

وَاللّٰهُ مَعَ الصّٰبِرِيْنَ ﴿٦٦﴾ مَا كَانَ لِنَبِيٍّ اَنْ يَّكُوْنَ لَهٗٓ اَسْرٰى حَتّٰى

जब तक	क़ैदी	उस के	हों	कि	किसी नबी के लिए	नहीं है	66	सब्र वाले	साथ	और अल्लाह

يُثْخِنَ فِى الْاَرْضِ ؕ تُرِيْدُوْنَ عَرَضَ الدُّنْيَا ۖ وَاللّٰهُ يُرِيْدُ

चाहता है	और अल्लाह	दुनिया	माल	तुम चाहते हो	ज़मीन	में	ख़ूनरेज़ी कर ले

الْاٰخِرَةَ ؕ وَاللّٰهُ عَزِيْزٌ حَكِيْمٌ ﴿٦٧﴾ لَوْلَا كِتٰبٌ مِّنَ اللّٰهِ سَبَقَ

पहले ही	अल्लाह से	लिखा हुआ	अगर न	67	हिक्मत वाला	ग़ालिब	और अल्लाह	आख़िरत

لَمَسَّكُمْ فِيْمَآ اَخَذْتُمْ عَذَابٌ عَظِيْمٌ ﴿٦٨﴾ فَكُلُوْا مِمَّا غَنِمْتُمْ

तुम्हें ग़नीमत में मिला	उस से जो	पस खाओ	68	बड़ा	अज़ाब	तुम ने लिया	उस में जो	तुम्हें पहुँचता

حَلٰلًا طَيِّبًا ۖ وَّاتَّقُوا اللّٰهَ ؕ اِنَّ اللّٰهَ غَفُوْرٌ رَّحِيْمٌ ﴿٦٩﴾ ع ٩ ٥ ٥

69	निहायत मेहरबान	बख़्शने वाला	बेशक अल्लाह	और अल्लाह से डरो	पाक	हलाल

और अगर वह तुम्हें धोका देना चाहें तो बेशक तुम्हारे लिए अल्लाह काफ़ी है, वह जिस ने तुम्हें अपनी मदद से और मुसलमानों से ज़ोर दिया। (62)

और उल्फ़त डाल दी उन के दिलों में, अगर तुम सब कुछ ख़र्च कर देते जो ज़मीन में है उन के दिलों में उल्फ़त न डाल सकते थे लेकिन अल्लाह ने उन के दरमियान उल्फ़त डाल दी, बेशक वह ग़ालिब हिक्मत वाला है। (63)

ऐ नबी (स)! अल्लाह काफ़ी है तुम्हें और तुम्हारे पैरू मोमिनों के लिए। (64)

ऐ नबी (स)! मोमिनों को जिहाद पर तरग़ीब दो, अगर तुम में से बीस (20) सब्र वाले (साबित क़दम) होंगे तो वह दो सो (200) पर ग़ालिब आएंगे, और अगर तुम में से एक सो (100) हों तो वह एक हज़ार (1000) काफ़िरों पर ग़ालिब आएंगे, इस लिए कि वह लोग (काफ़िर) समझ नहीं रखते। (65)

अब अल्लाह ने तुम से तख़फ़ीफ़ कर दी, और मालूम कर लिया कि तुम में कमज़ोरी है, पस अगर तुम में से एक सो (100) सब्र वाले हों तो वह दो सो (200) पर ग़ालिब आएंगे, अगर तुम में से एक हज़ार (1000) हों तो वह अल्लाह के हुक्म से दो हज़ार (2000) पर ग़ालिब रहेंगे और अल्लाह सब्र करने वालों के साथ है। (66)

किसी नबी के लिए (लाइक़) नहीं कि उस के (क़ब्ज़े में) क़ैदी हूँ जब तक वह ज़मीन में दुश्मनों को अच्छी तरह कुचल न दे, तुम दुनिया का माल चाहते हो, और अल्लाह आख़िरत चाहता है, और अल्लाह ग़ालिब, हिक्मत वाला है। (67)

अगर अल्लाह (की तरफ़) से पहले ही लिखा हआ न होता तो उस (फ़िदया) के लेने की वजह से तुम्हें पहुँचता बड़ा अ़ज़ाब। (68)

पस उस में से खाओ जो तुम्हें ग़नीमत में हलाल पाक मिला, और अल्लाह से डरो, बेशक अल्लाह बख़्शने वाला, निहायत मेहरबान है। (69)

يٰٓاَيُّهَا النَّبِيُّ قُلْ لِّمَنْ فِيْٓ اَيْدِيْكُمْ مِّنَ الْاَسْرٰٓى ۙ اِنْ يَّعْلَمِ اللّٰهُ فِيْ

में	मालूम कर लेगा अल्लाह	अगर	क़ैदी	से	तुम्हारे हाथ	में	उन से जो	कह दें	नबी	ऐ

قُلُوْبِكُمْ خَيْرًا يُّؤْتِكُمْ خَيْرًا مِّمَّآ اُخِذَ مِنْكُمْ وَيَغْفِرْ لَكُمْ ۭ وَاللّٰهُ غَفُوْرٌ

बख़्शने वाला	और अल्लाह	तुम्हें	और बख़्शदेगा	तुम से	लिया गया	उस से जो	तुम्हें देगा बेहतर	कोई भलाई	तुम्हारे दिल

رَّحِيْمٌ ﴿٧٠﴾ وَاِنْ يُّرِيْدُوْا خِيَانَتَكَ فَقَدْ خَانُوا اللّٰهَ مِنْ قَبْلُ

इस से क़ब्ल	तो उन्हों ने ख़ियानत की अल्लाह से	आप (स) से ख़ियानत का	वह इरादा करेंगे	और अगर	70	निहायत मेहरबान

فَاَمْكَنَ مِنْهُمْ ۭ وَاللّٰهُ عَلِيْمٌ حَكِيْمٌ ﴿٧١﴾ اِنَّ الَّذِيْنَ اٰمَنُوْا وَهَاجَرُوْا

और उन्हों ने हिज्रत की	ईमान लाए	जो लोग	बेशक	71	हिक्मत वाला	जानने वाला	और अल्लाह	उन से (उन्हें)	तो क़ब्ज़े में दे दिया

وَجٰهَدُوْا بِاَمْوَالِهِمْ وَاَنْفُسِهِمْ فِيْ سَبِيْلِ اللّٰهِ وَالَّذِيْنَ اٰوَوْا

ठिकाना दिया	और वह लोग जो	अल्लाह का रास्ता	में	और अपनी जानें	अपने मालों से	और जिहाद किया

وَّنَصَرُوْٓا اُولٰۗىِٕكَ بَعْضُهُمْ اَوْلِيَاۗءُ بَعْضٍ ۭ وَالَّذِيْنَ اٰمَنُوْا

ईमान लाए	और वह लोग जो	बाज़ (दूसरे)	रफ़ीक़	उन के बाज़	वही लोग	और मदद की

وَلَمْ يُهَاجِرُوْا مَا لَكُمْ مِّنْ وَّلَايَتِهِمْ مِّنْ شَيْءٍ حَتّٰى يُهَاجِرُوْا ۚ

वह हिज्रत करें	यहां तक कि	कुछ शै (सरोकार)	उन की रफ़ाक़त	से	तुम्हें नहीं	और उन्हों ने हिज्रत न की

وَاِنِ اسْتَنْصَرُوْكُمْ فِي الدِّيْنِ فَعَلَيْكُمُ النَّصْرُ اِلَّا عَلٰي قَوْمٍ

वह क़ौम	पर (ख़िलाफ़)	मगर	मदद	तो तुम पर (लाज़िम है)	दीन में	वह तुम से मदद मांगें	और अगर

بَيْنَكُمْ وَبَيْنَهُمْ مِّيْثَاقٌ ۭ وَاللّٰهُ بِمَا تَعْمَلُوْنَ بَصِيْرٌ ﴿٧٢﴾ وَالَّذِيْنَ

और वह लोग	72	देखने वाला	तुम करते हो	जो	और अल्लाह	मुआहदा	और उन के दरमियान	तुम्हारे दरमियान

كَفَرُوْا بَعْضُهُمْ اَوْلِيَاۗءُ بَعْضٍ ۭ اِلَّا تَفْعَلُوْهُ تَكُنْ فِتْنَةٌ فِي الْاَرْضِ

ज़मीन में	फ़ित्ना	होगा	अगर तुम ऐसा न करोगे	बाज़ (दूसरे)	रफ़ीक़	उन के बाज़	जिन्हों ने कुफ़्र किया

وَفَسَادٌ كَبِيْرٌ ﴿٧٣﴾ وَالَّذِيْنَ اٰمَنُوْا وَهَاجَرُوْا وَجٰهَدُوْا فِيْ

में	और जिहाद किया उन्हों ने	और उन्हों ने हिज्रत की	ईमान लाए	और वह लोग जो	73	बड़ा	और फ़साद

سَبِيْلِ اللّٰهِ وَالَّذِيْنَ اٰوَوْا وَّنَصَرُوْٓا اُولٰۗىِٕكَ هُمُ الْمُؤْمِنُوْنَ

मोमिन (जमा)	वह	वही लोग	और मदद की	ठिकाना दिया	और वह लोग जो	अल्लाह का रास्ता

حَقًّا ۭ لَهُمْ مَّغْفِرَةٌ وَّرِزْقٌ كَرِيْمٌ ﴿٧٤﴾ وَالَّذِيْنَ اٰمَنُوْا مِنْۢ بَعْدُ

उस के बाद	ईमान लाए	और वह लोग जो	74	इज़्ज़त	और रोज़ी	बख़्शिश	उन के लिए	सच्चे

وَهَاجَرُوْا وَجٰهَدُوْا مَعَكُمْ فَاُولٰۗىِٕكَ مِنْكُمْ ۭ وَاُولُوا الْاَرْحَامِ

और क़राबतदार	तुम में से	पस वही लोग	तुम्हारे साथ	और उन्हों ने जिहाद किया	और उन्हों ने हिज्रत की

بَعْضُهُمْ اَوْلٰى بِبَعْضٍ فِيْ كِتٰبِ اللّٰهِ ۭ اِنَّ اللّٰهَ بِكُلِّ شَيْءٍ عَلِيْمٌ ﴿٧٥﴾

75	जानने वाला	हर चीज़	बेशक अल्लाह	अल्लाह का हुक्म	में (रू से)	बाज़ (दूसरे) के	क़रीब (ज़ियादा हक़ दार)	उन के बाज़

ع ١٠ ٦ الربع

ऐ नबी (स)! आप (स) के हाथ (क़ब्ज़े) में जो क़ैदी हैं, उन से कह दें कि अगर अल्लाह तुम्हारे दिलों में कोई भलाई मालूम कर लेगा तो तुम्हें उस से बेहतर देगा जो तुम से लिया गया और वह तुम्हें बख़्श देगा, और अल्लाह बख़्शने वाला निहायत मेहरबान है। (70)

और अगर आप (स) से ख़ियानत का इरादा करेंगे तो उन्हों ने उस से क़ब्ल अल्लाह से ख़ियानत की तो अल्लाह ने उन्हें (तुम्हारे) क़ब्ज़े में दे दिया, और अल्लाह जानने वाला हिक्मत वाला है। (71)

बेशक जो लोग ईमान लाए और उन्हों ने हिज्रत की और अपने मालों और जानों से अल्लाह की राह में जिहाद किया, और जिन लोगे ने ठिकाना दिया और मदद की वही लोग एक दूसरे के रफ़ीक़ हैं, और जो लोग ईमान लाए और उन्हों ने हिज्रत न की, तुम्हें नहीं है कुछ सरोकार उन की रफ़ाक़त से, यहां तक कि वह हिज्रत करें, और अगर वह तुम से दीन में मदद मांगें तो तुम पर मदद लाज़िम है, मगर उस क़ौम के ख़िलाफ़ नहीं जिस के और तुम्हारे दरमियान मुआहदा हो, और जो तुम करते हो अल्लाह उसे देखने वाला है। (72)

और जिन लोगों ने कुफ़्र किया वह एक दूसरे के रफ़ीक़ हैं, अगर तुम ऐसा न करोगे तो फ़ित्ना होगा ज़मीन में और बड़ा फ़साद (होगा)। (73)

और जो लोग ईमान लाए और उन्हों ने हिज्रत की और जिहाद किया अल्लाह के रास्ते में, और जिन लोगों ने ठिकाना दिया और मदद की वही लोग सच्चे मोमिन हैं, उन के लिए बख़्शिश और इज़्ज़त की रोज़ी है। (74)

और जो लोग उस के बाद ईमान लाए और उन्हों ने हिज्रत की और तुम्हारे साथ (मिल कर) जिहाद किया पस वही तुम में से हैं, और क़राबतदार (आपस में) एक दूसरे के ज़ियादा हक़ दार हैं अल्लाह के हुक्म से, बेशक अल्लाह हर चीज़ का जानने वाला है। (75)

آيَاتُهَا ١٢٩ ❀ (٩) سُوْرَةُ التَّوْبَـةِ ❀ رُكُوْعَاتُهَا ١٦

रुकुआत 16 (9) सूरतुत तौबा आयात 129

بَـرَآءَةٌ مِّـنَ اللّٰهِ وَرَسُـوْلِـهٖٓ اِلَـى الَّـذِيْـنَ عٰهَدْتُّمْ مِّـنَ الْمُشْرِكِيْنَ ﴿١﴾

1	मुश्रिकीन	से	तुम से अ़हद किया	वह लोग जिन्हों ने	तरफ़	और उस का रसूल (स)	अल्लाह	से	एलान-ए-बरात

فَسِيْحُوْا فِى الْاَرْضِ اَرْبَعَةَ اَشْهُرٍ وَّاعْلَمُوْٓا اَنَّكُمْ غَيْرُ مُعْجِزِى اللّٰهِ ۙ

अल्लाह को आ़जिज़ करने वाले	नहीं	कि तुम	और जान लो	महीने	चार	ज़मीन में	पस चल फिर लो

وَاَنَّ اللّٰهَ مُخْزِى الْكٰفِرِيْنَ ﴿٢﴾ وَاَذَانٌ مِّنَ اللّٰهِ وَرَسُوْلِهٖٓ اِلَى

तरफ़ (लिए)	और उस का रसूल	अल्लाह से	और एलान	2	काफ़िर (जमा)	रुस्वा करने वाला	और यह कि अल्लाह

النَّاسِ يَوْمَ الْحَجِّ الْاَكْبَرِ اَنَّ اللّٰهَ بَرِىْٓءٌ مِّنَ الْمُشْرِكِيْنَ ۙ

मुश्रिक (जमा)	से	क़तअ़ तअ़ल्लुक़	कि अल्लाह	हज-ए-अक्बर	दिन	लोग

وَرَسُوْلُهٗ ۭ فَاِنْ تُبْتُمْ فَهُوَ خَيْرٌ لَّكُمْ ۚ وَاِنْ تَوَلَّيْتُمْ فَاعْلَمُوْٓا اَنَّكُمْ

कि तुम	तो जान लो	तुम ने मुँह फेर लिया	और अगर	तुम्हारे लिए बेहतर	तो यह	तुम तौबा करो	पस अगर	और उस का रसूल

غَيْرُ مُعْجِزِى اللّٰهِ ۭ وَبَشِّرِ الَّذِيْنَ كَفَرُوْا بِعَذَابٍ اَلِيْمٍ ۙ ﴿٣﴾ اِلَّا

सिवाए	3	दर्दनाक	अ़ज़ाब से	उन्हों ने कुफ़्र किया	वह लोग जो	और ख़ुशख़बरी दो (आगाह कर दो)	अल्लाह	आ़जिज़ करने वाले	न

الَّذِيْنَ عٰهَدْتُّمْ مِّنَ الْمُشْرِكِيْنَ ثُمَّ لَمْ يَنْقُصُوْكُمْ شَيْـًٔا وَّلَمْ

और न	कुछ भी	उन्हों ने तुम से कमी न की	फिर	मुश्रिक (जमा)	से	तुम ने अ़हद किया था	वह लोग जो

يُظَاهِرُوْا عَلَيْكُمْ اَحَدًا فَاَتِمُّوْٓا اِلَيْهِمْ عَهْدَهُمْ اِلٰى مُدَّتِهِمْ ۭ

उन की मुद्दत	तक	उन का अ़हद	उन से	तो पूरा करो	किसी की	तुम्हारे ख़िलाफ़	उन्हों ने मदद की

اِنَّ اللّٰهَ يُحِبُّ الْمُتَّقِيْنَ ﴿٤﴾ فَاِذَا انْسَلَخَ الْاَشْهُرُ الْحُرُمُ فَاقْتُلُوا

तो क़त्ल करो	हुर्मत वाले	महीने	गुज़र जाएं	फिर जब	4	परहेज़गार (जमा)	दोस्त रखता है	बेशक अल्लाह

الْمُشْرِكِيْنَ حَيْثُ وَجَدْتُّمُوْهُمْ وَخُذُوْهُمْ وَاحْصُرُوْهُمْ

और उन्हें घेर लो	और उन्हें पकड़ो	तुम उन्हें पाओ	जहां	मुश्रिक (जमा)

وَاقْعُدُوْا لَهُمْ كُلَّ مَرْصَدٍ ۚ فَاِنْ تَابُوْا وَاَقَامُوا الصَّلٰوةَ

नमाज़	और क़ाइम करें	वह तौबा कर लें	फिर अगर	हर घात	उन के लिए	और बैठो

وَاٰتَوُا الزَّكٰوةَ فَخَلُّوْا سَبِيْلَهُمْ ۭ اِنَّ اللّٰهَ غَفُوْرٌ رَّحِيْمٌ ۭ ﴿٥﴾ وَاِنْ

और अगर	5	निहायत मेहरबान	बख़्शने वाला	बेशक अल्लाह	उन का रास्ता	तो छोड़ दो	और ज़कात अदा करें

اَحَدٌ مِّنَ الْمُشْرِكِيْنَ اسْتَجَارَكَ فَاَجِرْهُ حَتّٰى يَسْمَعَ كَلٰمَ اللّٰهِ

अल्लाह का कलाम	वह सुन ले	यहां तक कि	तो उसे पनाह दे दो	आप से पनाह मांगे	मुश्रिकीन	से	कोई

ثُمَّ اَبْلِغْهُ مَاْمَنَهٗ ۭ ذٰلِكَ بِاَنَّهُمْ قَوْمٌ لَّا يَعْلَمُوْنَ ﴿٦﴾ ع ١ ٦ ٧

6	इल्म नहीं रखते	लोग	इस लिए कि वह	यह	उस की अम्न की जगह	उसे पहुँचा दें	फिर

अल्लाह और उस के रसूल (स) (की तरफ़) से क़तअ़ तअ़ल्लुक़ है उन मुश्रिकों से जिन्हों ने तुम से अ़हद किया हुआ था। (1)

पस (मुश्रिको) ज़मीन में चार महीने चल फिर लो, और जान लो कि तुम अल्लाह को आ़जिज़ करने वाले नहीं, और यह कि अल्लाह काफ़िरों को रुस्वा करने वाला है। (2)

और अल्लाह और उस के रसूल (की तरफ़) से हज-ए-अक्बर के दिन लोगों के लिए एलान है कि अल्लाह और उस के रसूल का मुश्रिकों से क़तअ़ तअ़ल्लुक़ है, पस अगर तुम तौबा कर लो तो यह तुम्हारे लिए बेहतर है, और अगर तुम ने मुँह फेर लिया तो जान लो कि तुम अल्लाह को आ़जिज़ करने वाले नहीं, और आगाह कर दो उन लोगों को जिन्हों ने कुफ़्र किया अ़ज़ाब दर्दनाक से। (3)

सिवाए उन मुश्रिक लोगों के जिन से तुम ने अ़हद किया था, फिर उन्हों ने तुम से (अ़हद में) कुछ भी कमी न की और न उन्हों ने तुम्हारे ख़िलाफ़ किसी की मदद की, तो उन से उन का अ़हद उन की (मुक़र्ररा) मुद्दत तक पूरा करो, बेशक अल्लाह परहेज़गारों को दोस्त रखता है। (4)

फिर जब हुर्मत वाले महीने गुज़र जाएं तो मुश्रिकों को क़त्ल करो जहां तुम उन्हें पाओ, और उन्हें पकड़ो और उन्हें घेर लो, और उन के लिए हर घात में बैठो, फिर अगर वह तौबा कर लें और नमाज़ क़ाइम करें और ज़कात अदा करें तो उन का रास्ता छोड़ दो, बेशक अल्लाह बख़्शने वाला निहायत मेहरबान है। (5)

और अगर मुश्रिकीन हि से कोई आप (स) से पनाह मांगे तो उसे पनाह दे दें यहां तक कि वह सुन ले अल्लाह का कलाम, फिर उसे उस की अम्न की जगह पहुँचा दें, यह इस लिए है कि वह इल्म नहीं रखते (नादान हैं)। (6)

كَيْفَ يَكُوْنُ لِلْمُشْرِكِيْنَ عَهْدٌ عِنْدَ اللّٰهِ وَعِنْدَ رَسُوْلِهٖٓ

और उस के रसूल के पास	अल्लाह के पास	अ़हद	मुश्रिकों के लिए	हो	क्यों कर

اِلَّا الَّذِيْنَ عٰهَدْتُّمْ عِنْدَ الْمَسْجِدِ الْحَرَامِ ۚ فَمَا اسْتَقَامُوْا

वह क़ाइम रहें	सो जब तक	मस्जिदे हराम	पास	तुम ने अ़हद किया	वह लोग जो	सिवाए

لَكُمْ فَاسْتَقِيْمُوْا لَهُمْ ۭ اِنَّ اللّٰهَ يُحِبُّ الْمُتَّقِيْنَ ۝٧ كَيْفَ وَاِنْ

और अगर	कैसे	7	परहेज़गार (जमा)	दोस्त रखता है	बेशक अल्लाह	उन के लिए	तो तुम क़ाइम रहो	तुम्हारे लिए

يَّظْهَرُوْا عَلَيْكُمْ لَا يَرْقُبُوْا فِيْكُمْ اِلًّا وَّلَا ذِمَّةً ۭ يُرْضُوْنَكُمْ

वह तुम्हें राज़ी कर देते हैं	और न अ़हद	क़राबत	तुम्हारी	न लिहाज़ करें	तुम पर	वह ग़ालिब आजाएं

بِاَفْوَاهِهِمْ وَتَاْبٰى قُلُوْبُهُمْ ۚ وَاَكْثَرُهُمْ فٰسِقُوْنَ ۝٨ ۚ

8	नाफ़रमान	और उन के अक्सर	उन के दिल	लेकिन नहीं मानते	अपने मुहँ (जमा) से

اِشْتَرَوْا بِاٰيٰتِ اللّٰهِ ثَمَنًا قَلِيْلًا فَصَدُّوْا عَنْ سَبِيْلِهٖ ۭ

उस का रास्ता	से	फिर उन्हों ने रोका	थोड़ी	क़ीमत	अल्लाह की आयात से	उन्हों ने ख़रीद ली

اِنَّهُمْ سَاۗءَ مَا كَانُوْا يَعْمَلُوْنَ ۝٩ لَا يَرْقُبُوْنَ فِيْ مُؤْمِنٍ اِلًّا

क़राबत	किसी मोमिन	(बारे) में	लिहाज़ नहीं करते	9	वह करते हैं	जो	बुरा	बेशक वह

وَّلَا ذِمَّةً ۭ وَاُولٰۗىِٕكَ هُمُ الْمُعْتَدُوْنَ ۝١٠ فَاِنْ تَابُوْا وَاَقَامُوا

और क़ाइम करें	तौबा कर लें	फिर अगर वह	10	हद से बढ़ने वाले	वह	और वही लोग	अ़हद	और न

الصَّلٰوةَ وَاٰتَوُا الزَّكٰوةَ فَاِخْوَانُكُمْ فِي الدِّيْنِ ۭ وَنُفَصِّلُ

और खोल कर बयान करते हैं	दीन	में	तो तुम्हारे भाई	और अदा करें ज़कात	नमाज़

الْاٰيٰتِ لِقَوْمٍ يَّعْلَمُوْنَ ۝١١ وَاِنْ نَّكَثُوْٓا اَيْمَانَهُمْ

अपनी क़स्में	वह तोड़ दें	और अगर	11	इल्म रखते हैं	लोगों के लिए	आयात

مِّنْۢ بَعْدِ عَهْدِهِمْ وَطَعَنُوْا فِيْ دِيْنِكُمْ فَقَاتِلُوْٓا

तो जंग करो	तुम्हारा दीन	में	और ऐब निकालें	अपना अ़हद	के बाद से

اَىِٕمَّةَ الْكُفْرِ ۙ اِنَّهُمْ لَآ اَيْمَانَ لَهُمْ لَعَلَّهُمْ

शायद वह	उन की	नहीं क़स्म	बेशक वह	कुफ़्र के सरदार

يَنْتَهُوْنَ ۝١٢ اَلَا تُقَاتِلُوْنَ قَوْمًا نَّكَثُوْٓا اَيْمَانَهُمْ

अपना अ़हद	उन्हों ने तोड़ डाला	ऐसी क़ौम	क्या तुम न लड़ोगे?	12	बाज़ आजाएं

وَهَمُّوْا بِاِخْرَاجِ الرَّسُوْلِ وَهُمْ بَدَءُوْكُمْ اَوَّلَ مَرَّةٍ ۭ

पहली बार	तुम से पहल की	और वह	रसूल (स)	निकालने का	और इरादा किया

اَتَخْشَوْنَهُمْ ۚ فَاللّٰهُ اَحَقُّ اَنْ تَخْشَوْهُ اِنْ كُنْتُمْ مُّؤْمِنِيْنَ ۝١٣

13	ईमान वाले	अगर तुम हो	तुम उस से डरो	कि	ज़ियादा हक़दार	तो अल्लाह	क्या तुम उन से डरते हो?

क्यों कर हो मुश्रिकों के लिए अल्लाह के पास और उस के रसूल (स) के पास कोई अ़हद सिवाए उन लोगों के जिन से तुम ने अ़हद किया मस्जिदे हराम (ख़ाने कअ़बा) के पास, सो जब तक वह तुम्हारे लिए (अ़हद पर) क़ाइम रहें तुम (भी) उन के लिए क़ाइम रहो, बेशक अल्लाह परहेज़गारों को दोस्त रखता है। (7)

कैसे (सुलह हो जब हाल यह है कि) अगर वह तुम पर ग़ालिब आजाएं तो न लिहाज़ करें तुम्हारी क़राबत का और न अ़हद का, वह तुम्हें अपने मुहँ से (महेज़ ज़बानी) राज़ी कर देते हैं, लेकिन उन के दिल नहीं मानते, और उन में अक्सर नाफ़रमान हैं। (8)

उन्हों ने अल्लाह की आयात से थोड़ी क़ीमत ख़रीद ली, फिर उन्हों ने उस के रास्ते से रोका, बेशक बुरा है जो वह करते हैं। (9)

वह किसी मोमिन के बारे में न क़राबत का लिहाज़ करते हैं न अ़हद का, और वही लोग हैं हद से बढ़ने वाले। (10)

फिर अगर वह तौबा कर लें और नमाज़ क़ाइम करें और ज़कात अदा करें तो तुम्हारे भाई हैं दीन में, और हम आयात खोल कर बयान करते हैं उन लोगों के लिए जो इल्म रखते हैं। (11)

और अगर वह अपनी क़स्में तोड़ दें अपने अ़हद के बाद और तुम्हारे दीन में ऐब निकालें, तो कुफ़्र के सरदारों से जंग करो, बेशक उन की क़स्में कुछ नहीं, शायद वह (ताक़त के ज़ोर ही से) बाज़ आजाएं। (12)

क्या तुम ऐसी क़ौम से न लड़ोगे? जिन्हों ने अपना अ़हद तोड़ डाला और उन्हों ने रसूल (स) को निकालने (जिला वतन करने) का इरादा किया और उन्हों ने तुम से पहल की, क्या तुम उन से डरते हो? तो अल्लाह ज़ियादा हक़ रखता है कि तुम उस से डरो अगर तुम ईमान वाले हो। (13)

قَاتِلُوْهُمْ يُعَذِّبْهُمُ اللّٰهُ بِاَيْدِيْكُمْ وَيُخْزِهِمْ وَيَنْصُرْكُمْ عَلَيْهِمْ

उन पर	और तुम्हें ग़ालिब करे	और उन्हें रुस्वा करे	तुम्हारे हाथों से	उन्हें अ़ज़ाब दे अल्लाह	तुम उन से लड़ो

وَيَشْفِ صُدُوْرَ قَوْمٍ مُّؤْمِنِيْنَ ﴿١٤﴾ وَيُذْهِبْ غَيْظَ قُلُوْبِهِمْ ۭ

उन के दिल (जमा)	गुस्सा	और दूर कर दे	14	मोमिनीन	लोग	सीने (दिल)	और शिफ़ा बख़्शे (ठन्डे करे)

وَيَتُوْبُ اللّٰهُ عَلٰي مَنْ يَّشَاۗءُ ۭ وَاللّٰهُ عَلِيْمٌ حَكِيْمٌ ﴿١٥﴾ اَمْ حَسِبْتُمْ اَنْ

कि	क्या तुम समझते हो	15	हिक्मत वाला	इल्म वाला	और अल्लाह	जिसे चाहे	पर	और अल्लाह तौबा क़ुबूल करता है

تُتْرَكُوْا وَلَمَّا يَعْلَمِ اللّٰهُ الَّذِيْنَ جٰهَدُوْا مِنْكُمْ وَلَمْ يَتَّخِذُوْا

और उन्हों ने नहीं बनाया	तुम में से	उन्हों ने जिहाद किया	वह लोग जो	मालूम किया अल्लाह	और अभी नहीं	तुम छोड़ दिए जाओगे

مِنْ دُوْنِ اللّٰهِ وَلَا رَسُوْلِهٖ وَلَا الْمُؤْمِنِيْنَ وَلِيْجَةً ۭ وَاللّٰهُ خَبِيْرٌۢ

बाख़बर	और अल्लाह	राज़दार	और न मोमिनीन	और न उस का रसूल (स)	अल्लाह	सिवा

بِمَا تَعْمَلُوْنَ ﴿١٦﴾ مَا كَانَ لِلْمُشْرِكِيْنَ اَنْ يَّعْمُرُوْا مَسٰجِدَ اللّٰهِ ع ٢/١٠ ٨

अल्लाह की मस्जिदें	वह आबाद करें	कि	मुश्‍रिकों के लिए	नहीं है	16	उस से जो तुम करते हो

شٰهِدِيْنَ عَلٰٓي اَنْفُسِهِمْ بِالْكُفْرِ ۭ اُولٰۗىِٕكَ حَبِطَتْ اَعْمَالُهُمْ ښ

उन के आमाल	अकारत गए	वही लोग	कुफ़्र को	अपनी जानें (अपने ऊपर)	पर	तसलीम करते हों

وَفِي النَّارِ هُمْ خٰلِدُوْنَ ﴿١٧﴾ اِنَّمَا يَعْمُرُ مَسٰجِدَ اللّٰهِ مَنْ اٰمَنَ بِاللّٰهِ

अल्लाह पर	ईमान लाया	जो	अल्लाह की मस्जिदें	वह आबाद करता है	सिर्फ़	17	हमेशा रहेंगे	वह	और जहन्नम में

وَالْيَوْمِ الْاٰخِرِ وَاَقَامَ الصَّلٰوةَ وَاٰتَى الزَّكٰوةَ وَلَمْ يَخْشَ اِلَّا اللّٰهَ قف

अल्लाह	सिवाए	और वह न डरा	और ज़कात अदा की	और उस ने नमाज़ क़ाइम की	और आख़िरत का दिन

فَعَسٰٓى اُولٰۗىِٕكَ اَنْ يَّكُوْنُوْا مِنَ الْمُهْتَدِيْنَ ﴿١٨﴾ اَجَعَلْتُمْ سِقَايَةَ

पानी पिलाना	क्या तुम ने बनाया (ठहराया)	18	हिदायत पाने वाले	से	हों	कि	वही लोग	सो उम्मीद है

الْحَاۗجِّ وَعِمَارَةَ الْمَسْجِدِ الْحَرَامِ كَمَنْ اٰمَنَ بِاللّٰهِ وَالْيَوْمِ الْاٰخِرِ

और यौमे आख़िरत	अल्लाह पर	ईमान लाया	उस के मानिंद	मस्जिदे हराम	और आबाद करना	हाजी (जमा)

وَجٰهَدَ فِيْ سَبِيْلِ اللّٰهِ ۭ لَا يَسْتَوٗنَ عِنْدَ اللّٰهِ ۭ

अल्लाह के नज़दीक	वह बराबर नहीं	अल्लाह की राह	में	और उस ने जिहाद किया

وَاللّٰهُ لَا يَهْدِي الْقَوْمَ الظّٰلِمِيْنَ ﴿١٩﴾ اَلَّذِيْنَ اٰمَنُوْا وقف لازم

ईमान लाए	जो लोग	19	ज़ालिम (जमा)	लोग	हिदायत नहीं देता	और अल्लाह

وَهَاجَرُوْا وَجٰهَدُوْا فِيْ سَبِيْلِ اللّٰهِ بِاَمْوَالِهِمْ وَاَنْفُسِهِمْ ۙ

और अपनी जानें	अपने मालों से	अल्लाह का रास्ता	में	और जिहाद किया	और उन्हों ने हिज्रत की

اَعْظَمُ دَرَجَةً عِنْدَ اللّٰهِ ۭ وَاُولٰۗىِٕكَ هُمُ الْفَاۗىِٕزُوْنَ ﴿٢٠﴾

20	मुराद को पहुँचने वाले	वह	और वही लोग	अल्लाह के हां	दरजे	बहुत बड़े

तुम उन से लड़ो (ताकि) अल्लाह उन्हें अ़ज़ाब दे तुम्हारे हाथों से और उन्हें रुस्वा करे और तुम्हें उन पर ग़ालिब करे, और दिल ठन्डे करे मोमिन लोगों के, (14)

और उन के दिलों से गुस्सा दूर करे, और अल्लाह जिस की चाहे तौबा क़ुबूल करता है, और अल्लाह इल्म वाला हिक्मत वाला है। (15)

क्या तुम गुमान करते हो कि तुम छोड़ दिए जाओगे? (जबकि) अल्लाह ने अभी उन को मालूम नहीं किया तुम में से जिन्हों ने जिहाद किया, और उन्हों ने नहीं बनाया अल्लाह के सिवा और उस के रसूल (स) और मोमिनों (के सिवा) राज़दार। और अल्लाह उस से बाख़बर है जो तुम करते हो। (16)

मुश्‍रिकों का (काम) नहीं कि वह आबाद करें अल्लाह की मस्जिदें (जबकि) अपने ऊपर कुफ़्र को तसलीम करते हों, वही लोग हैं जिन के अ़मल अकारत गए, और वह हमेशा जहन्नम में रहेंगे। (17)

अल्लाह की मस्जिदें सिर्फ़ वही आबाद करता है जो अल्लाह और यौमे आख़िरत पर ईमान लाया, और उस ने नमाज़ क़ाइम की और ज़कात अदा की और अल्लाह के सिवा किसी से न डरा, सो उम्मीद है कि वही लोग हिदायत पाने वालों में से हों। (18)

क्या तुम ने हाजियों को पानी पिलाना और मस्जिद हराम (ख़ाना कअ़बा) की मुजावरी करने को ठहराया है उस के मानिंद जो अल्लाह पर और यौमे आख़िरत पर ईमान लाया और उस ने अल्लाह की राह में जिहाद किया, वह बराबर नहीं हैं अल्लाह के नज़दीक, और अल्लाह ज़ालिम लोगों को हिदायत नहीं देता। (19)

जो लोग ईमान लाए और उन्हों ने हिज्रत की और अल्लाह की राह में अपने मालों और अपनी जानों से जिहाद किया (उन के) दरजे अल्लाह के हां बहुत बड़े हैं, और वही लोग मुराद को पहुँचने वाले हैं। (20)

يُبَشِّرُهُمْ رَبُّهُمْ بِرَحْمَةٍ مِّنْهُ وَرِضْوَانٍ وَّجَنّٰتٍ لَّهُمْ فِيْهَا

उन में	उन के लिए	और बाग़ात	और ख़ुशनूदी	अपनी तरफ़ से	रहमत की	उन का रब	उन्हें ख़ुशख़बरी देता है

نَعِيْمٌ مُّقِيْمٌ ﴿٢١﴾ خٰلِدِيْنَ فِيْهَآ اَبَدًا ؕ اِنَّ اللّٰهَ عِنْدَهٗٓ

उस के हां	बेशक अल्लाह	हमेशा	उस में	हमेशा रहेंगे	21	दाइमी	नेमत

اَجْرٌ عَظِيْمٌ ﴿٢٢﴾ يٰٓاَيُّهَا الَّذِيْنَ اٰمَنُوْا لَا تَتَّخِذُوْٓا اٰبَآءَكُمْ

अपने बाप दादा	तुम न बनाओ	वह लोग जो ईमान लाए (ईमान वाले)	ऐ	22	अज़ीम	अजर

وَاِخْوَانَكُمْ اَوْلِيَآءَ اِنِ اسْتَحَبُّوا الْكُفْرَ عَلَى الْاِيْمَانِ ؕ وَمَنْ

और जो	ईमान पर (ईमान के मुक़ाबिल)	कुफ़्र	अगर वह पसन्द करें	रफ़ीक़	और अपने भाई

يَّتَوَلَّهُمْ مِّنْكُمْ فَاُولٰٓئِكَ هُمُ الظّٰلِمُوْنَ ﴿٢٣﴾ قُلْ اِنْ كَانَ

हों	अगर	कहे दें	23	ज़ालिम (जमा)	वह	तो वही लोग	तुम में से	दोस्ती करेगा उन से

اٰبَآؤُكُمْ وَاَبْنَآؤُكُمْ وَاِخْوَانُكُمْ وَاَزْوَاجُكُمْ وَعَشِيْرَتُكُمْ

और तुम्हारे कुंबे	और तुम्हारी बीवियां	और तुम्हारे भाई	और तुम्हारे बेटे	तुम्हारे बाप दादा

وَاَمْوَالُ ِۨاقْتَرَفْتُمُوْهَا وَتِجَارَةٌ تَخْشَوْنَ كَسَادَهَا

उस का नुक़्सान	तुम डरते हो	और तिजारत	जो तुम ने कमाए	और माल

وَمَسٰكِنُ تَرْضَوْنَهَآ اَحَبَّ اِلَيْكُمْ مِّنَ اللّٰهِ وَرَسُوْلِهٖ

और उस का रसूल	अल्लाह से	तुम्हारे लिए (तुम्हें)	ज़ियादा प्यारे	जो तुम पसन्द करते हो	और घर

وَجِهَادٍ فِيْ سَبِيْلِهٖ فَتَرَبَّصُوْا حَتّٰى يَاْتِيَ اللّٰهُ بِاَمْرِهٖ ؕ وَاللّٰهُ

और अल्लाह	उस का हुक्म	ले आए अल्लाह	यहां तक कि	इन्तिज़ार करो	उस की राह में	और जिहाद

ع ٣ ٨ ٩ لَا يَهْدِي الْقَوْمَ الْفٰسِقِيْنَ ﴿٢٤﴾ لَقَدْ نَصَرَكُمُ اللّٰهُ فِيْ

में	अल्लाह ने तुम्हारी मदद की	अलबत्ता	24	नाफ़रमान	लोग	हिदायत नहीं देता

مَوَاطِنَ كَثِيْرَةٍ ۙ وَّيَوْمَ حُنَيْنٍ ۙ اِذْ اَعْجَبَتْكُمْ كَثْرَتُكُمْ

अपनी कस्रत	तुम ख़ुश हुए (इतरा गए)	जब	और हुनैन के दिन	बहुत से	मैदान (जमा)

فَلَمْ تُغْنِ عَنْكُمْ شَيْـًٔا وَّضَاقَتْ عَلَيْكُمُ الْاَرْضُ بِمَا رَحُبَتْ

फ़राख़ी के बावजूद	ज़मीन	तुम पर	और तंग हो गई	कुछ	तुम्हें	तो न फ़ाइदा दिया

ثُمَّ وَلَّيْتُمْ مُّدْبِرِيْنَ ﴿٢٥﴾ ثُمَّ اَنْزَلَ اللّٰهُ سَكِيْنَتَهٗ

अपनी तस्कीन	अल्लाह ने नाज़िल की	फिर	25	पीठ दे कर	तुम फिर गए	फिर

عَلٰى رَسُوْلِهٖ وَعَلَى الْمُؤْمِنِيْنَ وَاَنْزَلَ جُنُوْدًا لَّمْ تَرَوْهَا ۚ

वह तुम ने न देखे	लशकर	और उतारे उस ने	मोमिनीन	और पर	अपने रसूल (स)	पर

وَعَذَّبَ الَّذِيْنَ كَفَرُوْا ؕ وَذٰلِكَ جَزَآءُ الْكٰفِرِيْنَ ﴿٢٦﴾

26	काफ़िर (जमा)	सज़ा	और यही	वह लोग जिन्हों ने कुफ़्र किया (काफ़िर)	और अज़ाब दिया

उन का रब उन्हें अपनी तरफ़ से रहमत और ख़ुशनूदी और बाग़ात की ख़ुशख़बरी देता है, उन में उन के लिए दाइमी नेमत है। (21)

वह उस में हमेशा हमेशा रहेंगे, बेशक अल्लाह के (हां) अजरे अ़ज़ीम है। (22)

ऐ ईमान वालो! अपने बाप दादा को और अपने भाइयों को रफ़ीक़ न बनाओ अगर वह लोग ईमान के ख़िलाफ़ कुफ़्र को पसन्द करें, और तुम में से जो उन से दोस्ती करेगा तो वही लोग ज़ालिम हैं। (23)

कह दें, अगर तुम्हारे बाप दादा, तुम्हारे बेटे, और तुम्हारे भाई, और तुम्हारी बीवियां, और तुम्हारे कुंबे, और माल जो तुम ने कमाए, और तिजारत जिस के नुक़्सान से तुम डरते हो, और घर जिन को तुम पसन्द करते हो, तुम्हें अल्लाह से और उस के रसूल से और उस की राह में जिहाद से ज़ियादा प्यारे हों तो इन्तिज़ार करो यहां तक कि अल्लाह का हुक्म आजाए, और अल्लाह नाफ़रमान लोगों को हिदायत नहीं देता। (24)

अलबत्ता अल्लाह ने तुम्हारी मदद की बहुत से मैदानों में, और हुनैन के दिन, जब तुम अपनी कस्रत पर इतरागए तो उस (कस्रत) ने तुम्हें कुछ फ़ाइदा न दिया, और तुम पर ज़मीन फ़राख़ी के बावजूद तंग हो गई, फिर तुम पीठ दे कर फिरगए। (25)

फिर अल्लाह ने अपने रसूल (स) पर और मोमिनों पर अपनी तस्कीन नाज़िल की, और उस ने लशकर उतारे जो तुम ने न देखे और काफ़िरों को अ़ज़ाब दिया, और यही सज़ा है काफ़िरों की। (26)

ثُمَّ يَتُوبُ اللّٰهُ مِنۢ بَعۡدِ ذٰلِكَ عَلٰى مَنۡ يَّشَآءُ ؕ وَاللّٰهُ

और अल्लाह	जिस की चाहे	पर	इस	बाद	तौबा क़ुबूल करेगा अल्लाह	फिर

غَفُوۡرٌ رَّحِيۡمٌ ﴿٢٧﴾ يٰۤاَيُّهَا الَّذِيۡنَ اٰمَنُوۡۤا اِنَّمَا الۡمُشۡرِكُوۡنَ

मुश्रिक (जमा)	इस के सिवा नहीं	जो लोग ईमान लाए (मोमिन)	ऐ	27	निहायत मेहरबान	बख़्शने वाला

نَجَسٌ فَلَا يَقۡرَبُوا الۡمَسۡجِدَ الۡحَرَامَ بَعۡدَ عَامِهِمۡ هٰذَا ۚ

इस	साल	बाद	मस्जिदे हराम	लिहाज़ा वह क़रीब न जाएं	पलीद

وَاِنۡ خِفۡتُمۡ عَيۡلَةً فَسَوۡفَ يُغۡنِيۡكُمُ اللّٰهُ مِنۡ فَضۡلِهٖۤ اِنۡ شَآءَ ؕ

अगर वह चाहे	अपना फ़ज़्ल	से	तुम्हें ग़नी कर देगा अल्लाह	तो जल्द	मोहताजी	तुम्हें डर हो	और अगर

اِنَّ اللّٰهَ عَلِيۡمٌ حَكِيۡمٌ ﴿٢٨﴾ قَاتِلُوا الَّذِيۡنَ لَا يُؤۡمِنُوۡنَ بِاللّٰهِ

अल्लाह पर	ईमान नहीं लाए	वह लोग जो	तुम लड़ो	28	हिक्मत वाला	जानने वाला	बेशक अल्लाह

وَلَا بِالۡيَوۡمِ الۡاٰخِرِ وَلَا يُحَرِّمُوۡنَ مَا حَرَّمَ اللّٰهُ

जो हराम ठहराया अल्लाह ने	और न हराम जानते हैं	यौमे आख़िरत पर	और न

وَرَسُوۡلُهٗ وَلَا يَدِيۡنُوۡنَ دِيۡنَ الۡحَقِّ مِنَ الَّذِيۡنَ

वह लोग जो	से	दीने हक़	और न क़ुबूल करते हैं	और उस का रसूल (स)

اُوۡتُوا الۡكِتٰبَ حَتّٰى يُعۡطُوا الۡجِزۡيَةَ عَنۡ يَّدٍ وَّهُمۡ

और वह	हाथ	से	जिज़या	दें	यहां तक	किताब दिए गए (अहले किताब)

ع ٤ ٥ ١٠

صٰغِرُوۡنَ ﴿٢٩﴾ ع وَقَالَتِ الۡيَهُوۡدُ عُزَيۡرُ ۨ ابۡنُ اللّٰهِ وَقَالَتِ

और कहा	अल्लाह का बेटा	ऊज़ैर	यहूद	और कहा	29	ज़लील हो कर

النَّصٰرَى الۡمَسِيۡحُ ابۡنُ اللّٰهِ ؕ ذٰلِكَ قَوۡلُهُمۡ بِاَفۡوَاهِهِمۡ ۚ

उन के मुँह की	उन की बातें	यह	अल्लाह का बेटा	मसीह (अ)	नसारा

يُضَاهِـُٔوۡنَ قَوۡلَ الَّذِيۡنَ كَفَرُوۡا مِنۡ قَبۡلُ ؕ

पहले	वह लोग जिन्हों ने कुफ़्र किया (काफ़िर)	बात	वह रीस करते हैं

قٰتَلَهُمُ اللّٰهُ ۚ اَنّٰى يُؤۡفَكُوۡنَ ﴿٣٠﴾ اِتَّخَذُوۡۤا اَحۡبَارَهُمۡ

अपने एहबार (उल्मा)	उन्हों ने बना लिया	30	बहके जाते हैं	कहां	हलाक करे उन्हें अल्लाह

وَرُهۡبَانَهُمۡ اَرۡبَابًا مِّنۡ دُوۡنِ اللّٰهِ وَالۡمَسِيۡحَ

और मसीह (अ)	अल्लाह के सिवा	से	रब (जमा)	और अपने राहेब (दर्वेश)

ابۡنَ مَرۡيَمَ ۚ وَمَاۤ اُمِرُوۡۤا اِلَّا لِيَعۡبُدُوۡۤا اِلٰهًا وَّاحِدًا ۚ

माबूदे वाहिद	यह कि वह इबादत करें	मगर	उन्हें हुक्म दिया गया	और नहीं	इब्ने मरयम

لَاۤ اِلٰهَ اِلَّا هُوَ ؕ سُبۡحٰنَهٗ عَمَّا يُشۡرِكُوۡنَ ﴿٣١﴾

31	वह शिर्क करते हैं	उस से जो	वह पाक है	उस के सिवा	नहीं कोई माबूद

फिर उस के बाद अल्लाह जिस की चाहे तौबा क़ुबूल करेगा, और अल्लाह बख़्शने वाला, निहायत मेहरबान है। (27)

ऐ मोमिनों! इस के सिवा नहीं कि मुश्रिक पलीद हैं, लिहाज़ा वह क़रीब न जाएं उस साल के बाद मस्जिदे हराम (ख़ाने कअ़बा) के। और अगर तुम्हें मोहताजी का डर हो तो अल्लाह तुम्हें जल्द ग़नी कर देगा अपने फ़ज़्ल से अगर चाहे, बेशक अल्लाह जानने वाला हिक्मत वाला है। (28)

तुम उन लोगों से लड़ो जो ईमान नहीं लाए अल्लाह पर और न यौमे आख़िरत पर, और न हराम जानते हैं वह जो अल्लाह और उस के रसूल (स) ने हराम ठहराया है, और न दीने हक़ को क़ुबूल करते हैं उन लोगों में से जो अहले किताब हैं, यहां तक कि वह जिज़या दें अपने हाथ से ज़लील हो कर। (29)

यहूद ने कहा ऊज़ैर (अ) अल्लाह का बेटा है और कहा नसारा ने मसीह (अ) अल्लाह का बेटा है, यह बातें है उन के मुँह की, वह रीस करते हैं पहले काफ़िरों की बात की। अल्लाह उन्हें हलाक करे, कहां बहके जा रहे हैं? (30)

उन्हों ने बना लिया अपने उल्मा और अपने दर्वेशों को रब अल्लाह के सिवा, और मसीह (अ) इब्ने मरयम को (भी), और उन्हें हुक्म नहीं दिया गया मगर यह कि वह माबूदे वाहिद की इबादत करें, उस के सिवा कोई माबूद नहीं, वह उस से पाक है जो वह शिर्क करते हैं। (31)

يُرِيْدُوْنَ اَنْ يُّطْفِـُٔوْا نُوْرَ اللّٰهِ بِاَفْوَاهِهِمْ وَيَاْبَى اللّٰهُ

और न मानेगा अल्लाह	अपने मुँह से (जमा)	अल्लाह का नूर	वह बुझा दें	कि	वह चाहते हैं

اِلَّآ اَنْ يُّتِمَّ نُوْرَهٗ وَلَوْ كَرِهَ الْكٰفِرُوْنَ ﴿٣٢﴾ هُوَ

वह	32	काफ़िर (जमा)	पसन्द न करें	ख़ाह	अपना नूर	पूरा करे	यह कि	मगर

الَّذِيْٓ اَرْسَلَ رَسُوْلَهٗ بِالْهُدٰى وَدِيْنِ الْحَقِّ لِيُظْهِرَهٗ

ताकि उसे ग़ल्बा दे	और दीने हक़	हिदायत के साथ	अपना रसूल	भेजा	वह जिस ने

النّصف

عَلَى الدِّيْنِ كُلِّهٖ ۙ وَلَوْ كَرِهَ الْمُشْرِكُوْنَ ﴿٣٣﴾ يٰٓاَيُّهَا الَّذِيْنَ

वह लोग जो	ऐ	33	मुशरिक (जमा)	पसन्द न करें	ख़ाह	तमाम पर	दीन	पर

اٰمَنُوْٓا اِنَّ كَثِيْرًا مِّنَ الْاَحْبَارِ وَالرُّهْبَانِ لَيَاْكُلُوْنَ

खाते हैं	और राहेब (दर्वेश)	उल्मा	से	बहुत	बेशक	ईमान लाए

اَمْوَالَ النَّاسِ بِالْبَاطِلِ وَيَصُدُّوْنَ عَنْ سَبِيْلِ اللّٰهِ ؕ

अल्लाह का रास्ता	से	और रोकते हैं	नाहक़ तौर पर	लोग (जमा)	माल (जमा)

وَالَّذِيْنَ يَكْنِزُوْنَ الذَّهَبَ وَالْفِضَّةَ وَلَا يُنْفِقُوْنَهَا فِيْ

में	और वह उसे ख़र्च नहीं करते	और चाँदी	सोना	जमा कर के रखते हैं	और वह लोग जो

سَبِيْلِ اللّٰهِ ۙ فَبَشِّرْهُمْ بِعَذَابٍ اَلِيْمٍ ﴿٣٤﴾ ۙ يَّوْمَ يُحْمٰى عَلَيْهَا

उस पर	दहकाएंगे	जिस दिन	34	दर्दनाक	अ़ज़ाब	सो उन्हें ख़ुशख़बरी दो	अल्लाह की राह

فِيْ نَارِ جَهَنَّمَ فَتُكْوٰى بِهَا جِبَاهُهُمْ وَجُنُوْبُهُمْ وَظُهُوْرُهُمْ ؕ

और उन की पीठ (जमा)	और उनके पहलू (जमा)	उन की पेशानी	उस से	फिर दाग़ा जाएगा	जहन्नम की आग	में

هٰذَا مَا كَنَزْتُمْ لِاَنْفُسِكُمْ فَذُوْقُوْا مَا كُنْتُمْ تَكْنِزُوْنَ ﴿٣٥﴾

35	जो तुम जमा कर के रखते थे	जो	पस मज़ा चखो	अपने लिए	तुम ने जमा कर के रखा	जो	यह है

اِنَّ عِدَّةَ الشُّهُوْرِ عِنْدَ اللّٰهِ اثْنَا عَشَرَ شَهْرًا فِيْ

में	महीने	बारह (12)	अल्लाह के नज़दीक	महीनें	तादाद	बेशक

كِتٰبِ اللّٰهِ يَوْمَ خَلَقَ السَّمٰوٰتِ وَالْاَرْضَ مِنْهَآ

उन से (उन में)	और ज़मीन	आस्मानों	उस ने पैदा किया	जिस दिन	अल्लाह का हुक्म

اَرْبَعَةٌ حُرُمٌ ؕ ذٰلِكَ الدِّيْنُ الْقَيِّمُ ۙ فَلَا تَظْلِمُوْا

